किस्म मुकदमा......धारा 111,128 RLR Act अनवान– गौतम कुमार बनाम दौलाराम मु.नं. 95/2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.01.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण के वकील उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 1 से 21 बावजूद नोटिस तामील के अनुपस्थित रहने से उनके विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रार्थीगण वकील की बहस सुनी एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण विवादित भूमि के रिकार्डेड खातेदार हैं और उक्त भूमि पर काबिज होकर काश्त करते आ रहे है। विप्रार्थीगण के खेत प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि से लगते हुए होने से वे माठ तोड़ कर जबरन प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि पर काबिज होने को उतारू रहते है। अतः प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि की नेखमबंदी करवाना चाहते है। ऐसी सूरत में विवादित भूमि की नेखमबंदी किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है। लिहाजा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम मूठली तहसील सिवाना की खसरा संख्या 1147/784 रकबा 0.9876 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ बाद पैमाईस पक्के नेखम स्थापित कर नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार सिवाना को 1000/– रुपये शुल्क पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। शुल्क प्रार्थीगण मौके पर अदा करेंगे। आवश्यकता होने पर तहसीलदार सिवाना को संबंधित पुलिस थाना से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। तहसीलदार बाद पालना, पालना प्रतिवेदन प्रेषित करें। तहरीर जारी हो। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Dinesh Bishnoi Date: 2024.01.22 09:38:24 IST Reason: SelfAttested ... अधिकारी सि... (बाड़मेर)	

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सिवाना जिला बालोतरा

क्रमांकः वाद / 2024 / 70 दिनांक : 11.01.2024

प्रार्थी	बनाम	विप्रार्थीगण
गौतमकुमार पुत्र सांवलाराम वगैरा		दौलाराम पुत्र चतराराम वगैरा

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 रा.भू.रा. अधिनियम हेतु नेखम पैमाईश जरिये पत्थर गढ़ी

राजस्व आवेदन सं:–95 / 2022 दिनांकः–01.01.2024

–:: आदेश ::–

उपरोक्त अनवान प्रकरण में ग्राम मूठली तहसील सिवाना के खसरा संख्या 1147 / 784 रकबा 0.9876 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार सिवाना को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर शुल्क रूपये 1000 / –प्रार्थीगण अदा करेंगे।

उपरोक्तानुसार नेखमबंदी कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें। आवश्यकता होने पर उन्हें सम्बन्धित पुलिस थाना से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सिवाना
उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बाड़मेर)

क्रमांकः वाद / 2024 / 71-74 दिनांक : 11.01.2024

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. तहसीलदार सिवाना
2. थानाधिकारी, पुलिस थाना सिवाना
3. हल्का पटवारी थापन को तहसीलदार सिवाना द्वारा निर्धारित की गई तिथि को मय रेकर्ड मौके पर उपस्थित रहकर नेखमबंदी कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु।
4. श्री गौतमकुमार पुत्र सांवलाराम जाति राजपुरोहित निवासी असाढा तहसील पचपदरा वगैरा को सूचनार्थ

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Bishnoi
Date: 2024.01.22 09:38:24 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बाड़मेर)

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सिवाना
उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बाड़मेर)